सुन मेरी माँ | By Meenu Arora |

सुन मेरी माँ
मुझे इतना पता
तेरे होते हैं जननी
डरना कैसा भला

लोगों से कहती हो
चरणों में रहती हो
चिंता फिकर क्या
कुछ भी न जानूँ
तेरी ही माया है
तूने निभाया है
तेरी दया से मस्ति छानूँ

तू जो मिली
मेरी बगिया खिली
तेरी बेटी को तूने
जीना सिखा दिया

झरनों में पर्वत में
फूलों में कलियों में
माता पहाड़ी की
खुशबू बसी है
मेरे इन आँखों में
मेरी ही साँसों में
मइया तुम्हारी प्यारी छवि है

तेरी हुई मैं
तो तेरी हुई
तूने चरणों में अपनी
मुझको तो रख लिया

आँसुओं को बहने दो
बहे बहे के कहने दो
हर्ष मिले यूँ ही
माँ का सहारा
दुनिया ये छूटे तो
अपने जो रूठे तो
छूटे न मइया ये दामन तेरा

तेरी दया ये
है तेरी दया
इस भटके को तूने
रस्ता दिखला दिया
तेरे होते हैं जननी
डरना कैसा भला

सुन मेरी माँ
मुझे इतना पता

तेरे होते हैं जननी
डरना कैसा भला

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-by-meenu-arora/